**GLOBE INTERNATIONAL CARRIERS LTD.**

**Formerly known as Globe International Carriers Pvt. Ltd.**

**Regd. Office:** 301-306,Prakash Deep Complex, Near Mayank Trade Centre, Station Road,Jaipur- 302006
Tel: 0141- 2361794, 2368794, 4083700 (10 lines)
Email: info@gicl.co | Website: www.gicl.co
CIN: L60232RJ2010PLC031380

**Date: 09/09/2026**

To,
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai – 400 051

ISIN INE947T01022 Symbol GICL

Sub: Newspapers advertisement regarding 16th Annual General Meeting and E-voting information

Dear Sir/ Madam,

Pursuant to Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, {"SEBI Listing Regulations") please find enclosed herewith copies of the advertisement published today i.e. September 09, 2026, in the following newspapers confirming dispatch of Notice of the 16th Annual General Meeting of the Company along with Annual Report for financial year 2025-26 and e-voting information:

1. Business Remedies (All India editions in Hindi (vernacular) language)
2. Financial Express (All India editions in English language)

You are requested to take the above on records.

Thank you.
Yours sincerely,

For Globe International Carriers Limited

ANNU SHARMA KHANDELWAL

Digitally signed by ANNU SHARMA KHANDELWAL
DN: c=IN, o=Personal, 2.5.4.20=D6A52A73BE46376CD796F9D33ADAC3130EE882707596178174EF09D7FF8E2182, postalCode=302019, st=Rajasthan, serialNumber=36E51039B5288C4E257A7399410E84268BD27DCAC5334E58272451C4AFD8FEA3, cn=ANNU SHARMA KHANDELWAL
Date: 2026.09.09 12:50:17 +05'30'

Annu Sharma Khandelwal
Company Secretary and Compliance Officer

बिज़नेस रेमेडीज
वर्ष : 13 । अंक: 238

सम्पादकीय

## एमएसएमई के लिए निर्यात प्रोत्साहन मिशन प्रमुख पहल

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम
MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
सत्यमेव जयते

केंद्र सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए वैसे तो कई योजनाएं शुरू कर रखी है। पर इन योजनाओं की क्रियान्विति से ही भारत विकसित देशों की श्रेणी आ सकेगा। इन योजना में एक है निर्यात प्रोत्साहन मिशन। यह केंद्र सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य भारतीय वस्तुओं और सेवाओं को वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना, विशेषकर एमएसएमई को पहली बार निर्यात करने वाले उद्यमों और श्रम-प्रधान क्षेत्रों को निर्यात के लिए सक्षम बनाना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसे 12 नवंबर, 2025 को मंजूरी दी। इसके लिए वित्त वर्ष 2025-26 से 2030-31 तक छह वर्षों में 25,060 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सरकार ने पुराने और अलग-अलग निर्यात सहायता उपायों को अधिक एकीकृत, डिजिटल और परिणाम आधारित व्यवस्था में लाने का प्रयास किया है। ईपीएम का लक्ष्य केवल निर्यात पर सब्सिडी देना नहीं है, बल्कि भारतीय उद्यम को उत्पाद बनाने से लेकर विदेशी ग्राहक तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया में मदद करना है। जहां एक ओर भारत की अर्थव्यवस्था में निर्यात की भूमिका बढ़ाने के बावजूद छोटे भारतीय निर्यातकों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उनमें प्रमुख रूप से निर्यात के लिए पर्याप्त और सस्ता कार्यशील पूंजी ऋण नहीं मिलना, अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता और प्रमाणन मानकों को पूरा करने की ऊंची लागत, ब्रांडिंग और पैकेजिंग में कमजोरी, विदेशी बाजारों की जानकारी का अभाव, अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों और खरीदारों तक सीमित पहुंच, लॉजिस्टिक्स और माल ढुलाई की अधिक लागत और विदेशों में वेयरहाउसिंग और की सीमित व्यवस्था होना है। इसके अलावा छोटे उद्यमों के लिए नए और जोखिम वाले बाजारों में प्रवेश कठिन होना और ई-कॉमर्स के माध्यम से सीधे विदेशों में बिक्री करने की क्षमता का पर्याप्त उपयोग ना होना है। इस मिशन का प्रमुख लक्ष्य छोटे शहरों और जिलों को वैश्विक बाजार तथा मुंबई, दिल्ली, चेन्नई या बेंगलुरु जैसे बड़े व्यापारिक केंद्रों तक सीमित रहने के बजाय कम एक्सपोर्ट वाले जिलों और कलस्टरों को भी निर्यात से जोड़ने की दिशा में है। इसे यूं भी समझ सकते हैं कि किसी जिले का पारंपरिक उत्पाद जैसे हस्तशिल्प, कालीन, वस्त्र, चमड़े का सामान, कृषि प्रसंस्कृत उत्पाद आदि सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच बना सकते हैं।

BR
सूचना

इस पृष्ठ पर प्रकाशित सभी विशेष लेख व्यक्तिगत सोच के आधार पर है।
संपादक

# क्यूआर कोड बंद होने का खतरा!

## सब्जी से लेकर चाय वाले दुकानदार संकट में

## आरबीआई ने कहा, 15 सितंबर तक कराएं री-केवाईसी

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

भारत में डिजिटल पेमेंट अब लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का अभिन्न अंग बन चुका है। चाय की दुकान हो, सब्जी मंडी हो या गली-मोहल्ले की किराना दुकान–हर जगह क्यूआर कोड के जरिए भुगतान आम बात हो गई है, लेकिन अब एक ऐसी डेडलाइन सामने आई है, जिसने लाखों छोटे कारोबारियों और उनके ग्राहकों की चिंता बढ़ा दी है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नियमों के अनुसार, मर्चेंट्स को समय-समय पर अपनी केवाईसी जानकारी अपडेट करनी होती है। मौजूदा समयसीमा के तहत 15 सितंबर 2026 तक री-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य है। अगर यह प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो संबंधित व्यापारियों के क्यूआर कोड आधारित भुगतान प्रभावित हो सकते हैं या अस्थायी रूप से बंद किए जा सकते हैं।




### फिनटेक इंडस्ट्री की चेतावनी

फिनटेक इंडस्ट्री और पेमेंट एग्रीगेटर्स का कहना है कि करीब 30-35 प्रतिशत छोटे व रेहड़ी-पटरी वाले कारोबारियों का सत्यापन अभी बाकी है। लगभग 20 लाख छोटे कारोबारियों को जोखिम के दायरे में माना जा रहा है। इंडस्ट्री का अनुमान है कि तय समय तक करीब 80 फीसदी वेरिफिकेशन ही पूरा हो पाएगा। यही वजह है कि पेमेंट कंपनियां आरबीआई से अतिरिक्त समय देने की मांग कर रही हैं। पेमेंट एग्रीगेटर्स (जैसे पेटीएम, फोनपे, गूगल पे आदि) और फिनटेक कंपनियों का कहना है कि लाखों छोटे कारोबारियों का सत्यापन अभी अधूरा है। खासकर छोटे और अनौपचारिक व्यापारियों के पास जरूरी दस्तावेज नहीं होने या भौतिक सत्यापन (इन-पर्सन केवाईसी) की प्रक्रिया जटिल होने के कारण देरी हो रही है। आरबीआई के नियमों में थर्ड-पार्टी एजेंसियों के बजाय कंपनी के अपने कर्मचारियों से ही सत्यापन कराने की बाध्यता भी चुनौती बढ़ा रही है।

### छोटे व्यापारियों पर सबसे ज्यादा असर

एक्सपर्ट्स का मानना है कि छोटे व्यापारियों और रेहड़ी-पटरी वाले विक्रेताओं वाले इलाकों में परेशानी ज्यादा होगी। सब्जी वाले, चाय वाले, फेरी वाले और छोटी किराना दुकानों के मालिक डिजिटल पेमेंट पर काफी निर्भर हो चुके हैं। अगर उनका क्यूआर कोड काम करना बंद कर दे तो रोजमर्रा के कारोबार में भारी बाधा आएगी। ग्राहकों को भी नकद भुगतान करने या वैकल्पिक तरीकों की तलाश करनी पड़ेगी, जिससे असुविधा बढ़ेगी।



काफी मुश्किल काम है। क्योंकि आठ लाख लोग तो अकेले राजस्थान में हैं। सरकार कोई भी नया नियम ले आती है। इसकी परेशानी स्ट्रीट वेंडर्स को उठानी पड़ती है। दूसरा अधिकांश थड़ी-ठेले वाले पढ़े-लिखे तो होते नहीं हैं। दुनिया भर के फ्रॉड भी हो रहे हैं। वेंडर्स बैंक जाते हैं तो उनके साथ अच्छा व्यवहार नहीं होता। कोई सुनवाई भी नहीं करता। आरबीआई के फैसले से थड़ी-ठेला वेंडर्स को काफी नुकसान होगा।

**- बनवारी लाल शर्मा, अध्यक्ष, हेरिटेज सिटी थड़ी ठेला यूनियन, जयपुर**

### छोटे कारोबारियों की मांग

उद्योग जगत का कहना है कि अगर बड़ी संख्या में छोटे कारोबारियों का सत्यापन तय समय तक पूरा नहीं हो पाया, तो उनके क्यूआर कोड आधारित भुगतान प्रभावित होंगे। इसी वजह से इंडस्ट्री ने आरबीआई से समयसीमा बढ़ाने की मांग की है। कई पेमेंट कंपनियों ने नियामक से अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया है, ताकि वित्तीय समावेशन के लक्ष्य पर कोई असर न पड़े।

### क्या करें मर्चेंट्स?

विशेषज्ञ का कहना है कि छोटे कारोबारियों को जल्द से जल्द अपने पेमेंट एग्रीगेटर (जैसे पेटीएम, फोनपे आदि) के ऐप या हेल्पलाइन के जरिए री-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर लेनी चाहिए। जरूरी दस्तावेज तैयार रखें और किसी भी अपडेट के लिए कंपनी के संदेशों पर ध्यान दें। डिजिटल इंडिया के इस महत्वपूर्ण स्तंभ को बनाए रखने के लिए नियामक और उद्योग दोनों को मिलकर समाधान निकालना होगा, वरना लाखों छोटे उद्यमियों का रोजगार और आम लोगों की सुविधा प्रभावित हो सकती है।

# व्यक्ति को क्रोध, मान, माया से होना है दूरः श्रद्धेय कौशल मुनि

## मानसरोवर स्थित महावीर भवन में चातुर्मास प्रवचन

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

मानसरोवर स्थित महावीर भवन में आचार्य प्रवर 1008 श्री विजयराज म.सा. के आज्ञानुवर्ती श्रद्धेय कौशल मुनि म.सा. आदि ठाणा ने मंगलवार को चातुर्मास प्रवचन की शुरुआत भजन जगो प्यारे जगाने को पर्युषण पर्व आए है, कर्म सारे खपाने को पर्युषण पर्व आए है, न सोओ आप निदियां में जगो तो काम बन जाए, काम सारे बनाने को पर्युषण पर्व आए है...से की।

उन्होंने दशवैकालिक सूत्र के आठवें अध्ययन की गाथा 'उवसमेण हणे कोहं माणं मद्दवया जिणे। मायं चज्जवाभावेण लोभं संतोसओ जिणे।। भावार्थ समझाते हुए मुनि श्री ने कहा कि इस गाथा में हमारे जीवन में बहुत सारी प्रेरणाएं हैं। व्यक्ति अपने जीवन में कषायों से क्रोध, मान, माया से गृषित है व उनसे पीड़ित है। हमें इन से दूर होना है, तो जब जब स्मरण करेंगे तो इनसे दूर हो जाएंगे। हम दिन रात बोलते हैं पर क्या बोलते हैं, भगवान की यह वाणी हमारे मुंह पर आ जाए तो हमारा जीवन धन्य हो सकता है। क्रोध को नष्ट करने के लिए उपसमभाव की आराधना करना है। भगवान की आज्ञा है हे साधक तु क्षमा के भाव से क्रोध को नष्ट करने वाला बन। दूसरी बात मान के विषय में है-मान हमारे जीवन में कितना रहता है, हम अहंकार करने लग जाते हैं। हे साधक जब भी मान का प्रसंग आए मृदुता के माध्यम से जीतने वाला बन। माया को सरलता के भाव से जीतने वाला बन। मायावी जीव औरों के साथ धोखा करने वाला बन जाता है। आज हम जिस जिस पर भरोसा करते हैं, एक दिन धोखा देने वाले बन जाते हैं। देवता भी मनुष्य जीवन पाना चाहते हैं। प्राप्त अवसर का जो सदुपयोग करना चाहता है, वह कर नहीं पाता है। चांद पूनम का है पर अमावस्या की उदासी है तो वह प्रकाश को प्राप्त नहीं कर सकता। हमें अपने जीवन में प्रकाश को प्राप्त करना है तो हमें अपना ध्यान पूर्णिमा के चंद्र की ओर करना पड़ेगा। हमें पुरुषार्थ कर जीवन को सुधारना पड़ेगा। मुनि श्री ने कहा कि हमारे जीवन में पर्युषण पर्व बहुत बड़ा त्योहार आया है। हम आत्मा को पोषण करने वाले बने। श्रावक-श्राविकाएं धर्म, आराधना व तप, त्याग से आत्मा का पोषण कर जीवन को सफल बनाने का संकल्प करें। उन्होंने इस दौरान नियम बताकर उनकी पालना करने पर जोर दिया।

### आठ दिनों में आत्मा की सफाई करने का करें काम:अनुपम मुनि

प्रवचन में अनुपम मुनि ने कहा कि लोभ, मोह, माया का कचरा है, उसे इन आठ दिनों में आत्मा की सफाई करने का काम करना है। आत्मा की सफाई नहीं हुई तो जिंदगी खराब हो जाएगी। पर्युषण का सार है कि कषायों की कमी हो जाए। यह तभी संभव होगा जब त्याग, तपस्या, आराधना और कर्मनिर्झरा की साधना करेंगे। प्रवचन के अंत में महावीर भवन, मानसरोवर संघ के मंत्री प्रकाश लोढ़ा ने उपस्थित सभी श्रावक-श्राविकाओं को नियमित रूप से अधिक से अधिक प्रवचन श्रवण के लिए आने तथा सायंकालीन प्रतिक्रमण, संवर आराधना में शामिल होने का आग्रह किया।

**-संकलनकर्ता- सुजानराज मेहता**

कॉर्पोरेट वर्ल्ड

# एडकाउंटी मीडिया ने एडैक्स प्रो अधिग्रहण पर अपडेट जारी किया

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

भारत की अग्रणी एडटेक और मार्टेक कंपनी एडकाउंटी मीडिया इंडिया लिमिटेड ने 10 करोड़ रुपए में एडैक्स एडटेक एंड मीडिया एलएलपी में 99.95 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण पर अपडेट जारी किया है। कंपनी प्रबंधन के अनुसार इससे कंपनी की प्रोग्रामेटिक और ब्रांडिंग क्षमताओं को मजबूती मिलेगी।

मार्च 2026 में किए गए इस रणनीतिक कदम से एडैक्स एडटेक एंड मीडिया एलएलपी एडकाउंटी मीडिया की सहायक कंपनी बन गई है। इसका उद्देश्य कंपनी की विज्ञापन और मीडिया क्षमताओं को बढ़ाना है। कंपनी ने एडकाउंटी मीडिया के प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र में एडैक्स प्रो के योगदान पर प्रकाश डाला है।

**विज्ञापन प्रौद्योगिकी क्षमताओं का विस्तार :**

मार्च 2026 में अधिग्रहण पूरा होने के बाद, एडैक्स प्रो अब एडकाउंटी मीडिया के लिए प्रोग्रामेटिक विज्ञापन और ब्रांडिंग प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा, जिससे डेटा-आधारित मीडिया खरीद और ब्रांड-केंद्रित डिजिटल अभियान प्रदान करने की इसकी क्षमता में वृद्धि होगी।

एडैक्स प्रो प्रोग्रामेटिक विज्ञापन कार्यों जैसे कि लक्षित दर्शक, डिजिटल मीडिया खरीद, अभियान अनुकूलन, इन्वेंटरी प्रबंधन और डिजिटल विज्ञापन क्षेत्र में ब्रांड पहुंच के निष्पादन के लिए आवश्यक तकनीकें प्रदान करेगा। एकीकरण के माध्यम से, एडकाउंटी मीडिया लक्षित और मापने योग्य विज्ञापन अभियानों को निष्पादित करने में अपनी क्षमताओं को और बेहतर बनाने में सक्षम होगा और ब्रांडों को उनके लक्षित दर्शकों तक बड़े पैमाने पर पहुंचने में सहायता करेगा।



आदित्य जांगिड़, अध्यक्ष और संयुक्त प्रबंध निदेशक, एडकाउंटी मीडिया इंडिया लिमिटेड

एडैक्स प्रो को शामिल करके, एडकाउंटी मीडिया अपनी मुख्य पेशकशों के समूह को और भी बेहतर बना रहा है - जिसमें शामिल हैं:
प्रोग्रामेटिक विज्ञापन, कनेक्टेड टीवी, डिस्प्ले विज्ञापन, परफॉर्मेंस मार्केटिंग, मोबाइल विज्ञापन, एप्पल सर्च विज्ञापन और एक मजबूत रीसेलर मॉडल पर आधारित विशेष प्रकाशक आकर्षण ताकि नए पैमाने और विकास के अवसर खुल सकें।

**यह रणनीतिक एकीकरण एडकाउंटी मीडिया को एक पूर्णतः** एकीकृत इकोसिस्टम प्रदान करने में सक्षम बनाता है जो ब्रांड मार्केटिंग विज्ञापनों और परफॉर्मेंस-आधारित ग्राहक अधिग्रहण रणनीतियों दोनों का समर्थन करता है।

दोनों प्लेटफॉर्मों के बीच परिचालन और तकनीकी तालमेल का लाभ उठाकर, कंपनी विज्ञापनदाताओं को निर्बाध, एकीकृत समाधान प्रदान करती है, जो प्रत्येक डिजिटल टच पॉइंट पर पहुंच, जुड़ाव और मापने योग्य आरओआई को अधिकतम करता है।

इस अधिग्रहण पर बोलते हुए, एडकाउंटी मीडिया इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और संयुक्त प्रबंध निदेशक आदित्य जांगिड़ ने कहा कि 'एडैक्स एडटेक एंड मीडिया और इसके स्वामित्व वाले समाधान एडैक्स प्रो का अधिग्रहण, हमारी प्रौद्योगिकी-आधारित विज्ञापन विशेषज्ञता को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। एडैक्स प्रो हमारे प्रोग्रामेटिक और ब्रांडिंग समाधानों को मजबूत करेगा और हमें ब्रांडों और एजेंसियों को अधिक एकीस्र त समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाएगा। हम अपने प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र और एडैक्स की क्षमताओं के संयोजन में महत्वपूर्ण तालमेल क्षमता देखते हैं, जिससे एक स्केलेबल और वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक एडटेक व्यवसाय का निर्माण हो सके।

इसलिए, यह अधिग्रहण एक महत्वपूर्ण कदम है, जो प्रोग्रामेटिक, प्रदर्शन और ब्रांडिंग समाधानों पर ध्यान केंद्रित करके एडकाउंटी मीडिया के विकास को गति प्रदान करता है, जिससे यह एक व्यापक, प्रौद्योगिकी-आधारित विज्ञापन पारिस्थितिकी तंत्र की ओर अग्रसर होता है।'

# इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) कंपनी एलसीसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

**नई दिल्ली | बिजनेस रेमेडीज़**

इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) कंपनी एलसीसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड का 427 करोड़ रूपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 11 सितंबर को बंद होगा। सार्वजनिक घोषणा के अनुसार, एंकर निवेशकों के लिए बोली 8 सितंबर को लगाई जाएगी।

सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 139 से 146 रूपये प्रति इक्विटी शेयर का मूल्य बैंड तय किया। एलसीसी प्रोजेक्ट्स के आईपीओ में 258 करोड़ रूपये तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और 1,15,85,000 शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है। मूल्य बैंड के ऊपरी स्तर पर इश्यू का आकार करीब 427 करोड़ रूपये और निचले स्तर पर करीब 419 करोड़ रूपये होगा। फ्रेश इश्यू से प्राप्त राशि का इस्तेमाल उपकरण खरीदने, कर्ज के भुगतान और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एलसीसी प्रोजेक्ट्स एक बहु-विषयक इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) कंपनी है। दो दशकों से अधिक समय में कंपनी ने सिंचाई और जल आपूर्ति क्षेत्र में कई तरह की परियोजनाओं को पूरा किया है। इनमें बांध, बैराज, वीयर, हाइड्रोलिक संरचनाएं, नहरें, पाइप वितरण नेटवर्क, लिफ्ट सिंचाई परियोजनाएं, जल आपूर्ति योजनाएं और अन्य ईपीसी परियोजनाएं शामिल हैं। कंपनी के इक्विटी शेयरों को 17 सितंबर को बीएसई और एनएसई, दोनों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स इस इश्यू के बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज इसके रजिस्ट्रार हैं।




# औद्योगिक निवेश में बढ़ता विश्वासः रीको करेगा 376 करोड़ रूपये के भूखण्ड आवंटित

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

रीको द्वारा हाल ही में आयोजित भूखण्डों की ई-नीलामी में उद्यमियों के रूझान को देखते हुए स्पष्ट है कि निवेशक राजस्थान में अधिक से अधिक औद्योगिक इकाईयां स्थापित करना चाहते हैं। राज्य की निवेश संवर्द्धन नीतियों के प्रति उद्यमियों का विश्वास निरंतर बढ़ रहा है। नीलामी में 102 भूखण्डों के लिए 200 से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए। जिन भूखण्डों के लिये सफलतापूर्वक बिडिंग संपन्न हुई, उनका क्षेत्रफल करीब 62 एकड़ तथा कुल मूल्य लगभग 376 करोड़ रुपये हैं। नीलामी में औद्योगिक भूखण्डों के साथ-साथ कियोस्क, होटल, वे-ब्रिज, स्कूल, दुकान, पेट्रोल पंप तथा कमर्शियल शोरूम जैसी विभिन्न श्रेणियों के भूखण्ड भी उद्यमियों के लिए उपलब्ध कराए गए। नीलामी में अजमेर, अलवर, भिवाड़ी, घीलोठ, जयपुर, नागौर, पाली, कोटा और सवाई माधोपुर सहित प्रदेश के अनेक जिलों के औद्योगिक क्षेत्रों को शामिल किया गया। इनमें आबूरोड के ग्रोथ सेंटर द्वितीय चरण एवं सरणेश्वर, भीलवाड़ा के ग्रोथ सेंटर हमीरगढ़, भिवाड़ी के औद्योगिक क्षेत्र कहारनी, औद्योगिक क्षेत्र घीलोठ, जयपुर के औद्योगिक क्षेत्र बगरू-छितरौली, कोटा के औद्योगिक क्षेत्र इंद्रप्रस्थन तथा पाली के औद्योगिक क्षेत्र नया गांव के लिए उद्यमियों का विशेष रुझान देखने को मिला।

इन भूखण्डों पर स्थापित होने वाली औद्योगिक एवं व्यावसायिक इकाइयां प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के व्यापक अवसर सृजित करेंगी। इससे राजस्थान के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।

**RAJASTHAN TUBE MANUFACTURING COMPANY LTD**
RAJASTHAN TUBE Manufacturing Company Limited
CIN: L27107RJ1985PLC003370
Regd. Office: 28-37 Banke Bihari Industrial Area Jatwali Mod Maharkala Road village DEHRA, Jaipur, Chomu, Rajasthan, India, 303806
Tel: +91-9257033423 Email: rajtube@hotmail.com Website: www.rajtube.com

**NOTICE OF 40th ANNUAL GENERAL MEETING**

Notice is hereby given that the 40th Annual General Meeting ('AGM') of the Shareholders of RAJASTHAN TUBE MANUFACTURING COMPANY LTD ("Company") will be held on Wednesday, September 30, 2026 at 03:00 P.M. (IST) at the registered office of the Company situated at 28-37 Banke Bihari Industrial Area Jatwali Mod Maharkala Roadvillage Dehra, Jaipur, Chomu, Rajasthan, India, 303806 to transact the business as set out in the Notice of the 40th AGM ('AGM Notice'), at a common venue.

Pursuant to General Circular No. 09/2023 dated September 25, 2023, issued by the Ministry of Corporate Affairs, and Circular No. SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023167 dated October 07, 2023, issued by the Securities and Exchange Board of India and in compliance with the provisions of the Companies Act, 2013 ("Act") and the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, ("SEBI Listing Regulations"), the AGM Notice and the Annual Report for financial year 2025-26 has been electronically sent on Tuesday , September 08, 2026 by email to those Shareholders whose email addresses are registered with the Company / Registrar and Share Transfer Agent, M/s. Beetal Financial & Computer Services PVT Ltd / Depository participants(s). The said Annual Report including AGM Notice is also available on the website of the Company at www.rajtube.com, on the website of NDSL at www.evoting.nsdl.com , and on the website of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited at www.bseindia.com.

The Company is providing its Shareholders the e-voting facility to cast their votes on all the resolutions set out in the AGM Notice by using an electronic voting system from a place other than the venue of the AGM (i.e. remote e-voting). The Company will also provide a facility for e-voting to Shareholders during the AGM, who have not cast their vote by remote e-voting. The Company has entered into an arrangement with NSDL to provide remote e-voting and e-voting during the AGM.

Shareholders will have the opportunity to cast their vote remotely or during the AGM on the business as set out in the AGM Notice through the electronic voting system. The detailed instructions relating to remote e-voting and e-voting during the AGM for shareholders holding shares in dematerialized mode, physical mode, and for shareholders who have not registered their email addresses are provided in the Notes forming part of the AGM Notice. Instructions for attending the AGM through VC/OAVM are also provided in the AGM Notice.

**The Shareholders are hereby requested to note that:**

a. A person, whose name is recorded in the Register of Shareholders /Beneficial owners maintained by the Depositories/RTA as of the cut-off date i.e., Wednesday, September 23, 2026, shall only be entitled to avail of the facility of remote e-voting or e-voting during the AGM.
b. The remote e-voting period will commence on Sunday, September 27, 2024, at 09:00 A.M. and will end on Tuesday, September 29, 2026, at 05:00 P.M. During this period, the member(s) of the Company may cast their votes electronically on items mentioned in the AGM Notice. Voting through remote e-voting shall not be allowed beyond 05:00 P.M. on Tuesday, September 29, 2026. Once the vote on a resolution is cast by a member, any subsequent change shall not be allowed.
c. The voting rights of the Shareholders shall be in proportion to their shares in the paid-up share capital of the Company as of the cut-off date i.e. Wednesday, September 23, 2026.
d. Only those Shareholders, who will be present in the AGM and have not cast their vote on the Resolutions through remote e-voting and are otherwise not barred from doing so, shall be eligible to vote through the e-voting system available during the 40th AGM.
e. The Shareholders who have cast their vote through remote e-voting may attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again.
f. Any person, who becomes a member of the Company after sending the AGM Notice by email and holding shares as of Wednesday , September 23, 2026, may refer to the AGM Notice and obtain the login ID and password from Beetal financial & computer services PVT Ltd by sending a request at evoting@nsdl.com
g. Shareholders whose email ID is not registered, may refer to 'Registration of email ID' as detailed in the AGM Notice.
h. In case shareholders have any queries regarding attending AGM/e-voting, they may refer the Frequently Asked Questions ('FAQs') and e-voting manual available at www.evotingindia.com under help section or write an email to helpdesk.evoting@nsdl.com or contact Ms. Prajakta Pawle (022-6948 9498) or Ms. Shruthi Shetty (022 6948 9309) or Ms. Shefali Jajoo (022-6948 9496).

For Rajasthan Tube Manufacturing Company Limited
Sd/-
Chanchal
Director
DIN: 10836478

Date: September 07, 2026
Place: Jaipur

Globe **ग्लोब इंटरनेशनल कैरियर्स लिमिटेड**
सीआईएन: L60232RJ2010PLC031380
पंजीकृत कार्यालय: 301-306, प्रकाश दीप कॉम्प्लेक्स, मयंक ट्रेड सेंटर के पास, स्टेशन रोड जयपुर, राजस्थान - 302006, ईमेल आईडी - cs@gicl.co
संपर्क नंबर: 0141-2361794, 2368794; वेबसाइट – www.gicl.co

**16वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना और दूरस्थ ई-मतदान संबंधी जानकारी**

एतद् द्वारा सूचित है कि ग्लोब इंटरनेशनल कैरियर्स लिमिटेड ('कंपनी') के सदस्यों की 16वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') , 30 सितंबर, 2026 को दोपहर 03:00 बजे (भारतीय मानक समय - आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') या अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों ('ओएवीएम') की सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसमें कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 21/2021, 2/2022 और 3/2025 क्रमशः दिनांक 08 अप्रैल 2020, 13 अप्रैल 2020, 05 मई 2020, 13 जनवरी 2021, 14 दिसंबर 2021, 05 मई 2022 और 22 सितंबर 2025 ('एमसीए परिपत्र') और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांक 12 मई 2020, SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांक 15 जनवरी 2021 और SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 दिनांक 13 मई 2022 ('सेबी परिपत्र') के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों एवं तद्धीन बनाए गए नियमों और सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुपालन में, किसी साझा स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, 16वीं एजीएम के नोटिस में निर्धारित सामान्य कार्यों को निपटाया जाएगा।

16वीं एजीएम के नोटिस की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां, वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट (जिसमें 31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के ऑडिटेड वित्तीय विवरण शामिल हैं) उन सभी सदस्यों को भेज दी गई हैं जिनके ई-मेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(टों) के पास पंजीकृत हैं। एजीएम के नोटिस और वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट भेजने का काम 08 सितंबर, 2026 को पूरा हो चुका है। उपरोक्त दस्तावेज़ कंपनी की वेबसाइट www.gicl.co, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com और सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध हैं। ऊपर उल्लेखित एमसीए परिपत्र (त्रों) और सेबी परिपत्र(त्रों) के अनुसार सदस्यों को 16वीं एजीएम के नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक (कागजी) प्रति भेजने की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है।

कट-ऑफ तिथि यानी बुधवार, 23 सितंबर, 2026 को शेयर रखने वाले सदस्य, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ('सीडीएसएल') की ई-वोटिंग प्रणाली ('रिमोट ई-वोटिंग') के माध्यम से 16वीं एजीएम के नोटिस में निर्धारित सामान्य और विशेष कार्यों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:

i. रिमोट ई-वोटिंग रविवार, 27 सितंबर, 2026 को सुबह 09:00 बजे (भारतीय मानक समय - आईएसटी) शुरू होगी और मंगलवार, 29 सितंबर, 2026 को शाम 05:00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। उक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।
ii. कोई भी व्यक्ति जो ईमेल द्वारा 16वीं एजीएम का नोटिस भेजे जाने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि को शेयर रखता है, वह www.evotingindia.com पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि रिमोट ई-वोटिंग के लिए सीडीएसएल के साथ पहले से ही पंजीकृत हैं, तो वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।
iii. सदस्य कृपया ध्यान दें कि:
क) वोटिंग के लिए उपरोक्त तिथि और समय के बाद सीडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग बंद कर दी जाएगी। एक बार जब किसी सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर वोट डाल दिया जाता है, तो वह एजीएम के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से दोबारा वोट डालने का हकदार नहीं होगा।
ख) जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल दिया है, वे भी वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन एजीएम के दौरान दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।
ग) 16वीं एजीएम में भाग लेने वाले वे सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे 16वीं एजीएम के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अपना वोट डालने के हकदार होंगे।
घ) केवल वही व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने, वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से 16वीं एजीएम में भाग लेने और 16वीं एजीएम के दौरान ई-वोटिंग करने का हकदार होगा, जिसका नाम कट-ऑफ तिथि को डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए सदस्यों के रजिस्टर या बेनिफिशियल ओनर्स (लाभार्थी स्वामियों) के रजिस्टर में दर्ज है।
ङ) चूंकि एजीएम वीसी (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) के माध्यम से आयोजित की जाएगी, इसलिए प्रॉक्सी (प्रतिनिधि) नियुक्त करने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। तदनुसार, सदस्यों द्वारा प्रॉक्सी की नियुक्ति लागू नहीं होगी।

किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में, सदस्य शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ('एफएक्यू') और ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं जो www.evotingindia.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध है या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल लिख सकते हैं अथवा कंपनी सचिव से संपर्क नंबर: 0141-2361794 7 ई-मेल: cs@gicl.co पर संपर्क कर सकते हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और उसके तहत लागू नियमों और सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 42 के अनुसरण में, कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स गुरुवार, 24 सितंबर, 2026 से बुधवार, 30 सितंबर, 2026 तक (दोनों दिन सम्मिलित) बंद रहेंगे।

ग्लोब इंटरनेशनल कैरियर्स लिमिटेड के लिए
कृते/-
अनु खंडेलवाल
कंपनी सचिव

स्थान: जयपुर
दिनांक: 09.09.2026

